प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लखनऊ में आज से शुरू हुआ तीन दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां सम्मेलन : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्घाटन सत्र को किया संबोधित।
2. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर लगाया विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप : कहा– कम से कम 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करेगा यह कानून।
3. बेसिक शिक्षा विभाग ने आरटीई अधिनियम के तहत वर्ष 2026–27 के लिए निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए जारी की समय–सारणी : 2 फरवरी से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया। और
4. यूपी दिवस के अवसर पर दिल्ली हाट में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन : प्रवासी भारतीय और विभिन्न देशों के राजनयिक होंगे शामिल।

——————————

राजधानी लखनऊ स्थित विधानभवन में आज अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 86वें सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ में लोकतंत्र पर मंथन का आयोजन हो रहा है यह गौरव का पल है। उन्होंने कहा लोकतंत्र ने संवाद समन्वय और सहमति की परम्परा को संजोया है। ऐसे में यह सम्मेलन संसदीय आचरण की गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा। बाइट.....

*यही धरती है, जिसने संवाद, समन्वय और सहमति की परंपरा को सदैव संजोया। ऐसे पावन परिवेश में यह संवेदन संसदीय आचरण की गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प सूझा करता है। पीठासीन अधिकारी सदन के संचालन कर्ता के साथ–साथ लोकतंत्र की आत्मा के संरक्षक होते हैं। उनकी निष्पक्षता, मर्यादा और विवेकी सदन को जन आकर्षण का सशक्त मंच बनाती है। यह संमेलन महानुभावों के आदान–प्रदान, श्रेष्ठ परम्पराओं के संरक्षण और नवाचारों के सूचना सेतु बने, यही मेरी कामना है।*

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं ने अपने कार्य से लोकतंत्र की श्रेष्ठता साबित की है।

श्री बिरला ने कहा कि सभी विधान मंडल के अध्यक्षों और जन प्रतिनिधियों की नैतिक ज़िम्मेदारी है कि सदन में जनता से जुड़े मुद्दे उठाएं जाएं और उन्हें शासन तक पहुंचाएं। बाइट.....

*हम अलग–अलग राजनीतिक दल से जीत कर आते हैं। अलग–अलग हमारी विचारधारा है लेकिन जब चुनकर आते हैं तो जनता की अपेक्षा होती है कि हम सदन में उनकी अपेक्षाएं, उनकी आकांक्षाएं, उनकी चुनौतियां, कठिनाइयां सदन में रखें और सदन की विशेषता होती है कि जो बातें सदन में रखी है, जो अंतिम व्यक्ति बैठा है, जिसका एक मत भी निर्णायक होता है,*

*उसकी बात शासन तक पहुंचे और इस शासन के अंदर जो बात पहुंचे, उसका परिणाम निकले।*

इस तीन दिवसीय सम्मेलन मे देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं और विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं में आधुनिक तकनीक के उपयोग, विधायकों की क्षमता निर्माण और विधायकों की जनता क प्रति जवाबदेही पर गहन चर्चा की जाएगी। इससे पहले आज लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश विधान भवन में आज से 62वें अखिल भारतीय विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।

———————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जीराम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी। श्री चौहान ने कहा किविकसित भारत जीराम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। बाइट......

*100 दिन की बजाए 125 दिन के काम की गारंटी अगर दी है तो विकसित भारत की जी रामजी योजना के अंतर्गत दी गई है, और केवल काम का अधिकार नही दिया। 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देना पडेगा। आपने कागज पर अधिकार दिया था, हमने जमीन पर इसको मजबूत करने का काम किया है। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होगा। कोई भी ग्राम पंचायत इसके दायरे के बाहर नही रहेगी।*

—————————

वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने आज कहा कि मणिकर्णिका घाट पर स्थित कुंभा महादेव मंदिर को तोड़ने की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं वे एआई जनरेटेड हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है। बाइट.....

*यहां का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। और उस निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली गई थी, वह पूरी तरह से एआई जनरेटेड है। इसको लेकर के एफआईआर दर्ज हुई है और जिन लोगों ने इस तरह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल कर के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया उन सभी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2026–27 के लिए निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण के तहत प्रवेश प्रक्रिया की समय–सारणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगी। कक्षा–1 या पूर्व–प्राथमिक स्तर पर पात्र बच्चों का चयन लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित की जा सके। प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण 2 से 16 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 21 फरवरी से 7 मार्च तक औऱ तीसरा चरण 12 से 25 मार्च तक पूरा किया जाएगा। इस योजना के माध्यम सेआर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के लाखों बच्चों को निजी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा।

——————————

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह

मंत्री अमितशाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा समेत अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

——————————

प्रयागराज में मौनी अमावस्या का पावन स्नान संपन्न होने के बाद अब श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं। ये सभी श्रद्धालु सरयू के घाटों पर स्नान के साथ ही हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन करने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के दृष्टिगत अयोध्या को जोन और सेक्टर में विभाजित किया गया है। बाइट.....

*यह पूरी व्यवस्था सेक्टर और जोन में विभाजित है। यहां पर सिविल पुलिस के साथ–साथ पीएसी और आरएएफ को भी लगाया गया है और स्नान की व्यवस्था में जल पुलिस के साथ–साथ फ्लड पीएसी की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं से यही अपील है कि पुलिस कर्मी प्रत्येक महत्वपूर्ण पॉइंट्स पर खड़े हैं जो वह आपको सुझाव या निर्देश दे रहे हैं, उनका पालन करें मौके पर और जिस मार्ग से प्रवेश और जिस मार्ग से निकास की व्यवस्था बनाई गई है, उसमें पुलिस का निरंतर सहयोग करें।*

——————————

यूपी दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को दिल्ली हाट में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बड़े पैमाने पर प्रवासी भारतीय और

विभिन्न देशों के राजनयिक हिस्सा लेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी दिवस के अवसर पर दिल्ली हाट को विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर सजाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की विविध नृत्य शैली व परंपराओं को दर्शाती मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही राज्य के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि यह प्रयास ओडीओपी और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

——————————

लखनऊ जंक्शन पर स्टेशन पुनर्विकास के कारण 22 फरवरी तक कई ट्रेनों के टर्मिनल में बदलाव किया गया है। इसके अंतर्गत आगरा फोर्ट–लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन 19 जनवरी से 22 फरवरी तक ऐशबाग स्टेशन स किया जाएगा। वहीं बांद्रा टर्मिनस–लखनऊ साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन 17, 24 और 31 जनवरी व 7 और 14 फरवरी को ऐशबाग स्टेशन तक किया जाएगा। पुणे–लखनऊ साप्ताहिक एक्सप्रेस 20 और 27 जनवरी तथा 3, 10 और 17 फरवरी को गोमतीनगर स्टेशन तक संचालित की जाएगी।

——————————

बीते 24 घण्टों में राजधानी लखनऊ समेत कई ज़िलों में हल्की वर्षा होने से न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री

सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज कीगई। मौसम विभाग ने अगले 48 घण्टों के दौरान कोहरे में कमी आने और ठण्ड से राहत मिलने का अनुमान जताया है। विभाग ने 22 जनवरी से राज्य के पश्चिमी जनपदों में वर्षा की संभावना व्यक्त की है।

(समाप्त)